सत्यमेव जयते

मि.संख्या.5/3/उ.उ.स.स.FICC/2018-प्रशासन
भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
उर्वरक उद्योग समन्वय समिति का कार्यालय
8वॉ तल, आर.के.पुरम, सेक्टर-1

नई दिल्ली-66
दिनांक: 22 अगस्त, 2023

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय:- उर्वरक उद्योग समन्वय समिति के कार्यालय में लेखा अधिकारी के पद को भरने हेतु अभ्यर्थियों का पैनल तैयार करने के संबंध में ।

उर्वरक उद्योग समन्वय समिति (उ.उ.स.स.) उर्वरक विभाग के कार्यालय में प्रतिनियुक्ति के आधार (शीघ्र ही होने वाली संभावित रिक्ति के लिए) पर **वेतन बैंड-II, लेवल-9 (रु.53100-167800)** के वेतनमान में लेखा अधिकारी (सामान्य), केंद्रीय सेवा, समूह 'ख' राजपत्रित के पद को भरने के लिए उपयुक्त / योग्य अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार करने का प्रस्ताव है।

2. लेखा अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति पर पदोन्नति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें निम्नानुसार हैं:-

1) (i) सीएसएस के अनुभाग अधिकारी या वे अधिकारी जिन्होंने ग्रेड में 3 साल की सेवा के साथ समकक्ष ग्रेड में समान पद धारण किया हो और जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) अथवा समकक्ष से रोकड़ और लेखा कार्य में प्रशिक्षण प्राप्त किया है और जिन्हें नकद, खातों और बजट कार्यों का अनुभव हो ;

अथवा

(ii) केंद्र सरकार के ऐसे अधिकारी जो 5 साल की सेवा सहित रु.47600-151100/- के वेतनमान में कनिष्ठ लेखा अधिकारी / लेखाकार या समकक्ष पदों या समरूप पदों को धारण करतें हों

अथवा

(iii) किसी भी संगठित लेखा विभाग से ग्रेड में 5 साल की सेवा पूर्ण करने वाले लेखा अधिकारी / लेखा परीक्षा अधिकारी / एसएएस लेखा।

....जारी

2. ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले विभागीय कनिष्ठ लेखा अधिकारियों पर भी विचार किया जाएगा और यदि उनमें से किसी का चयन पद पर नियुक्ति के लिए किया जाता है, तो उसे पदोन्नति द्वारा नियुक्त माना जाएगा (प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)।

[विशेष ध्यान दीजिए - कंप्यूटर (एमएस वर्ड और एमएस एक्सेल) का कार्य संबंधी ज्ञान रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी]

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि, पद पर नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाहय संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति के अन्य नियम और शर्तें, कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा. संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन ॥) के अनुसार विनियमित की जाएंगी।

4. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5. यह अनुरोध किया जाता है कि अपेक्षित योग्यताओं को पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों के आवेदन को निर्धारित प्रोफार्मा (संलग्न) में वर्ष 2022 -23 तक उनके पिछले 5 वर्षों के सीआर डोजियर को ऐसे अधिकारी द्वारा जिनका स्तर अवर सचिव श्रेणी के समकक्ष पद से कम का नहीं हो, उनसे विधिवत सत्यापित करवाकर 20 अक्टूबर, 2023 तक अधोहस्ताक्षरी को अग्रेषित किया जा सकता है । आवेदनों को अग्रेषित करते समय, कृपया यह प्रमाणित किया जाए कि उपरोक्त पद के लिए प्रायोजित अधिकारी के विरुद्ध न तो कोई सतर्कता मामला लंबित है और न ही विचाराधीन है। इस आशय का एक प्रमाण पत्र कि पिछले दस वर्षों के दौरान अभ्यर्थी पर कोई शास्ति नहीं लगाई गई है और आवेदन के साथ सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाए । सीआर डोजियर/अपेक्षित दस्तावेजों के बिना या किसी भी तरह से प्राप्त अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को बाद में अपनी अभ्यर्थिता वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गीता मिश्रा

(गीता मिश्रा)
संयुक्त निदेशक(ए एंड आई)
दूरभाष न०-26109820

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग और संबद्ध व अधीनस्थ कार्यालय।
2. अवर सचिव (एचआर-II), उर्वरक विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. अवर सचिव(स्थापना), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. उर्वरक विभाग, उद्योग भवन ।।
5. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली।
6. रक्षा लेखा महानियंत्रक, उलानबटार रोड, पालम दिल्ली-110010 ।
7. महालेखा नियंत्रक भवन, महालेखा नियंत्रक का कार्यालय, भारत सरकार, ब्लॉक-ई, सामान्य पूल कार्यालय (जीपीओ) परिसर, आईएनए, नई दिल्ली।
8. उप. महानिदेशक, डाक लेखा, डाक तार भवन, नई दिल्ली।
9. लेखा निदेशक(दूरसंचार), दूरसंचार विभाग, संचार भवन, 20 - अशोक रोड, नई दिल्ली।
10. एडी (जी)(एसईए), दूरसंचार विभाग, संचार भवन, अशोक रोड, नई दिल्ली।
11. लेखा अधिकारी, समूह-ख अनुभाग, सीजीए कार्यालय, ब्लॉक-ई, सामान्य पूल कार्यालय (जीपीओ) परिसर, आईएनए, नई दिल्ली।
12. लेखा अधिकारी, सीजीडीए कार्यालय, उलानबटार रोड, पालम दिल्ली-110010।
13. उप. सीएओ (पी), जेएस एंड सीएओ (प्रशिक्षण) का कार्यालय, सी- II हटमेंट्स, ई-ब्लॉक, डीएचक्यू पोस्ट ऑफिस, नई दिल्ली।
14. एनआईसी, उर्वरक विभाग, को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
15. वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशासन), विदेश मंत्रालय, द्वितीय तल, जवाहर लाल नेहरू भवन, जनपथ, नई दिल्ली-1
16. सेवा पंजिका / व्यक्तिगत फाइल ।
17. कार्यालय आदेश फाइल ।